# भाषा विवि में भी व्यावसायिक उपयोग के लिए मिलेगा सभागार

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि में अब सभागार को व्यावसायिक उपयोग के लिए दिया जा सकेगा। इसके लिए किराये की दरें निश्चित कर दी गई हैं। वित्त समिति से पास होने के बाद कार्यपरिषद से भी इसे मंजूरी मिल गई है।

## किराया दर तय, आंतरिक उपयोग में 10,000 और बाहरी लोगों के लिए 15,000 किराया

इसके अलावा विवि के गेस्ट की किराये की दरों में भी बदलाव किया गया है। विवि प्रशासन के मुताबिक, जल्द इस संबंध में आदेश जारी कर दिया जाएगा। आदेश जारी होते ही नई दरें लागू हो जाएंगी। जानकारी के मुताबिक, अटल बिहारी वाजपेयी सभागार का किराया विवि आंतरिक उपयोग में 10,000 और बाहरी लोगों के लिए 15,000 किया गया है। गेस्ट हाउस में आंतरिक सदस्य के लिए एसी कक्ष 700 रुपये व गैर एसी कक्ष 300 रुपये में जबकि बाहरी व्यक्ति के लिए एसी कक्ष 900 रुपये व गैर एसी कक्ष का किराया 500 किया गया है। (संवाद)

CamScanner

# लांच होगा भाषा वि. का नया कुलगीत, ड्रेस कोड भी बदला

जासं, लखनऊ: ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के 13 जनवरी को होने वाले आठवें दीक्षा समारोह में नया कुलगीत लांच किया जाएगा। वहीं, समारोह के लिए इस बार महिला शिक्षकों एवं अधिकारियों के साथ-साथ विद्यार्थियों के ड्रेस कोड में भी बदलाव कर दिया गया है। कुलसचिव डा. भावना मिश्रा ने ड्रेस कोड संबंधी निर्देश जारी कर दिए हैं।

दरअसल, अभी तक विश्वविद्यालय का जो कुलगीत था, उसमें उर्दू और अरबी शब्दों का प्रयोग अधिक था। इसी वजह से दो साल से दीक्षा समारोह में कुलगीत नहीं हो रहा था। अब विश्वविद्यालय ने नया कुलगीत तैयार कराया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एनबी सिंह ने बताया कि दिल्ली के कवि गजेंद्र सिंह सोलंकी ने कुलगीत तैयार किया है। धुन भी उन्होंने दी है। इसे दीक्षा समारोह में लांच किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समारोह के लिए पुरुष शिक्षकों को छोड़कर बाकी ड्रेस कोड में बदलाव किया गया है। समारोह में महिला शिक्षकों एवं अधिकारियों के लिए बेज कलर की साड़ी, गोल्डन बार्डर मैरून रंग का कोट और काले जूते निर्धारित किए गए हैं। पदक पाने वाले छात्रों को बेज कलर का कुर्ता पैजामा, मैरून कलर की सदरी और गहरे काले रंग के जूते पहनने होंगे। छात्राओं को बेज कलर की सलवार सूट, मैरून दुपट्टा, स्वेटर या कोट और काले जूते पहनने होंगे। अभी तक ड्रेस कोड में सफेद रंग शामिल था। पुरुष शिक्षकों के ड्रेस कोड में कोई बदलाव नहीं है।

## इस बार मैदान में होगा केएमसी का दीक्षा समारोह

13 जनवरी को होने वाला दीक्षा समारोह पहली बार सभागार की जगह मैदान में होगा। कुलपति ने बताया कि मैदान में स्थायी रूप से मंच बनाया गया है। दीक्षा समारोह में 138 पदक दिए जाएंगे।

CS CamScanner

लखनऊ | मंगलवार • 19.12.2023

my city अमर उजाला 5

# प्रो. नवीन खरे लोकपाल नियुक्त

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के निर्देशों के क्रम में प्रो. नवीन खरे विवि को पहला लोकपाल नियुक्त किया है। वह कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष तक इस पद बने रहेंगे। कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा ने बताया कि लखनऊ विवि के रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त हैं। लोकपाल पद पर सेवा के दौरान उन्हें विवि निर्धारित नियमों के अनुसार शुल्क का भुगतान करेगा। (संवाद)

CamScanner

**एक नजर में**

## भाषा विश्वविद्यालय में फार्मेसी में प्रवेश का मौका

**लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में फार्मा कोर्स में सत्र 2023-24 में प्रवेश की अनुमति मिल गई है। इसमे डीफार्मा और बीफार्मा में प्रवेश के लिए 19 दिसंबर से आनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। सामान्य और अन्य पिछड़ा वर्ग को 500 और एससी, एसटी को 250 रुपये आवेदन शुल्क देना होगा। डीफार्मा (डिप्लोमा इन फार्मेसी) में प्रवेश मेरिट के आधार पर किया जाएगा। बीफार्मा (बैचलर इन फार्मेसी) में प्रवेश कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट के स्कोर या प्रवेश परीक्षा के आधार पर मिलेगा। (जासं)

CS CamScanner

# भाषा विवि : बीफार्मा व डीफार्मा में प्रवेश के लिए 19 से आवेदन

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि में 19 दिसंबर से बीफार्मा और डीफार्मा कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन मांगे गए हैं। अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट www.kmclu.ac.in पर आवेदन कर सकेंगे। प्रवेश के लिए सामान्य और अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को 500 और एससी/एसटी को 250 रुपये आवेदन शुल्क देना होगा।

**बीफार्मा की फीस 82 हजार व डीफार्मा की 70 हजार**

विवि को इसी सप्ताह फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया से सत्र 2023-24 में प्रवेश के लिए मान्यता मिली है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। विवि में शनिवार को हुई प्रवेश समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा ने बताया कि दोनों पाठ्यक्रमों में 60-60 सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन मांगे गए हैं। प्रवेश सीयूईटी स्कोर कार्ड/ एकेटीयू स्कोर कार्ड या प्रवेश परीक्षा के आधार पर दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी विवि के एडमिशन सेंटर में संपर्क सकते हैं। विवि में शनिवार को एकेडमिक काउंसिल की बैठक प्रस्तावित थी। इसे अपरिहार्य कारणों से टाल दिया गया।

## लविवि : 26 केंद्रों पर होगी एलएलबी विषम सेमेस्टर परीक्षा

लखनऊ। लविवि ने शनिवार को एलएलबी तीन वर्ष एवं पांच वर्षीय पाठ्यक्रम की विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी। विवि व संबद्ध जिलों के सहयुक्त कॉलेजों में परीक्षा विभाग ने 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसके अलावा हरदोई, लखीमपुर, रायबरेली, सीतापुर व लखनऊ में 12 नोडल सेंटर हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया, अकेले राजधानी में विवि नवीन परिसर को शामिल करते हुए कुल 14 परीक्षा केंद्र बनाएं गए हैं। परीक्षार्थी लविवि की वेबसाइट पर परीक्षा केंद्रों की विस्तृत सूची देख सकते हैं। समस्या होने पर परीक्षा विभाग में संपर्क कर सकते हैं। संवाद

## कैंपस प्लेसमेंट में 18 छात्रों का चयन

लखनऊ। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 18 विद्यार्थियों का कैम्पस प्लेसमेंट हुआ। प्लेसमेंट डायरेक्टर बिराग दीक्षित ने बताया कि एमबीए और बीटेक के आठ विद्यार्थियों का इंदौर की एक निजी कंपनी में रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव के पद पर चयन हुआ है। एमएससी, एमबीए, एमसीए के नौ विद्यार्थियों का बंगलूरू की एक निजी कंपनी में बिजनेस डवलपर ट्रेनी के पद पर चयन हुआ। (संवाद)

## 21 को रोजगार मेला, 6000 पदों पर होगा चयन

लखनऊ। अलीगंज स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 21 दिसंबर को रोजगार मेला लगेगा। प्रधानाचार्य राजकुमार यादव ने बताया कि मेले में 60 से अधिक निजी कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं, जहां 6000 से अधिक पदों पर अभ्यर्थियों का चयन होगा। चयनित होने पर 7700 से 27,400 प्रति माह वेतन व अन्य सुविधाएं दी जाएगी। (संवाद)

काम की खबरें

# भाषा विवि : बीफार्मा, डीफार्मा कोर्स के संचालन की अनुमति

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि में अब बीफार्मा-डीफार्मा की भी पढ़ाई हो सकेगी। फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया ने सत्र 2023-24 के लिए 60-60 सीटों पर प्रवेश के लिए अनुमति दी है। इससे पहले इसी सत्र में बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने विवि को एलएलबी तीन वर्ष व एलएलबी पांच वर्ष कोर्स के संचालन की अनुमति दी थी। यहां एलएलएम कोर्स पहले से संचालित है। कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने कोर्स संचालन की अनुमति मिलने पर कहा कि इस तरह के पाठ्यक्रमों की पढ़ाई से विवि शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा। पीसीआई ने विवि को जो मान्यता दी है, वह सशर्त है। प्रवेश के पहले सप्ताह में विवि को यह शर्त पूरी करनी होगी जिसके लिए विवि को शपथ पत्र देना होगा। (संवाद)

**फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया ने सत्र 2023-24 के लिए 60-60 सीटों पर दी दाखिले की अनुमति**

CamScanner

कैम्पस 360°

# भाषा विवि: चार छात्रों को तीन लाख का पैकेज

लखनऊ। भाषा विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के चार छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। कैंपस प्लेसमेंट के लिए सिविल इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों से आवेदन मांगे गए थे। चयन को रुद्राक्ष एंटरप्राइजेस प्रालि. कंपनी पहुंची थी। कई प्रक्रिया से गुजरने के बाद चार छात्रों राहुल, मनोहर, राजीव यादव और रोहन शर्मा का चयन हुआ है। इन्हें 3 लाख सालाना का पैकेज मिला।

CamScanner

## कैम्पस 30S

# विश्वविद्यालय के छात्रों ने गांव में निकाली रैली

लखनऊ। विश्व एड्स दिवस पर भाषा विश्वविद्यालय की एनएसएस यूनिट एक के विद्यार्थियों ने लोखरिया गांव में जागरूकता फैलायी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.एनबी सिंह के निर्देशन में रैली मे विद्यार्थियो ने शपथ भी ली और पूरे गांव में जनसमुदाय को जागरूक किया। गाव की पाठशाला में आयुर्वेद और उसकी उपयोगिता पर चर्चा की गइ।

CamScanner